रौल नं०.......................................नाम ...............................................

XII-50 अर्द्धवार्षिक परीक्षा सन् 2023–24 ई० A

# समाजशास्त्र (केवल प्रश्न–पत्र)

समय – 3:15 घण्टा कक्षा – 12 पूर्णांक – 100

**नोटः–** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(बहुविकल्पीय प्रश्न–प्रत्येक 1 अंक)

**निर्देश**–निम्न प्रश्न–खण्डों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका पर लिखिए:–

1. वर्णों की कुल संख्या क्या है :–
(अ) पाँच (ब) चार
(स) दो (द) आठ।

2. भारत में सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व कहाँ है :–
(अ) गुजरात (ब) दिल्ली
(स) उत्तर प्रदेश (द) राजस्थान।

3. 'मैरिज एण्ड फैमिली इन इण्डिया' पुस्तक के लेखक कौन हैं :–
(अ) के. एम. कपाड़िया (ब) पी. एच. प्रभु
(स) डी. रास (द) जे. के. फोलसम।

4. 'द वेल्थ ऑफ नेशन्स' पुस्तक किसने लिखी है :–
(अ) मैक्स वेबर (ब) कार्ल मार्क्स
(स) एडम स्मिथ (द) माल्थस।

5. भारत में राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम कब पारित कियां गया था :–
(अ) 1991 ई. (ब) 1992 ई.
(स) 1990 ई. (द) 1995 ई.।

6. ब्रह्मसमाज की स्थापना कब हुई थी :–
(अ) 1828 (ब) 1829
(स) 1831 (द) 1830

7. औद्योगिक क्रान्ति सर्वप्रथम किस देश में हुई थी :–
(अ) भारत (ब) रूस
(स) इंग्लैण्ड (द) जर्मनी।

8. 'अंजुमन–ए–ख्वातीन–ए–इस्लाम' की स्थापना कब हुई थी :–
(अ) 1914 ई. (ब) 1917 ई.
(स) 1920 ई. (द) 1918 ई.।

9. ग्राम सभा के अधिकारी को क्या कहते हैं :–
(अ) मेयर (ब) प्रधान
(स) सभासद (द) अध्यक्ष।

10. 'हरित क्रान्ति' का सम्बन्ध किस क्षेत्र से है :–
(अ) कृषि उत्पादन (ब) दुग्ध उत्पादन
(स) सब्जी उत्पादन (द) मत्स्य उत्पादन।

(पृष्ठ पलटिए)

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न – प्रत्येक 3 अंक

11. हिन्दू जीवन का परम लक्ष्य क्या है?
12. 2011 ई. की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या कितनी है?
13. नातेदारी को परिभाषित कीजिए।
14. सेवाओं के विनिमय की व्यवस्था को क्या कहते हैं?
15. ब्रह्म समाज की स्थापना क्यों व किसके द्वारा की गई?
16. किस विद्वान् ने परिवार पर नगरीकरण के प्रभाव का अध्ययन किया है?
17. पन्थ निरपेक्षीकरण की व्याख्या कीजिए।
18. 'सोशल चेंज इन मॉडर्न इण्डिया' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
19. ग्राम सभा की कार्यकारिणी को क्या कहा जाता है?
20. स्वतंत्रता से पहले उद्योग किन नगरों तक सीमित थे?

## लघु उत्तरीय प्रश्न – प्रत्येक 6 अंक

21. भारतीय समाज में धर्म के महत्व की विवेचना कीजिए।
22. भारतीय जनजातियों में विवाह के विभिन्न तरीकों का वर्णन कीजिए।
23. 'उदारीकरण' से क्या तात्पर्य है?
24. नगरीकरण किसे कहते हैं?
25. पश्चिमीकरण से आप क्या समझते हैं?
26. कृषक से आप क्या समझते हैं? कृषक समाज की मुख्य विशेषताओं की चर्चा कीजिए।

## विस्तृत उत्तरीय प्रश्न – प्रत्येक 8 अंक

27. "निरन्तर बढ़ती जनसंख्या भारत के विकास में सबसे बड़ी बाधा है।" इस विषय पर एक लेख लिखिए।

**अथवा**

भारतीय जाति व्यवस्था में हो रहे वर्तमान परिवर्तनों की व्याख्या कीजिए।

28. बाजार किसे कहते हैं? बाजार के प्रमुख लक्षण बताइए।

**अथवा**

उपनिवेशवाद किसे कहते हैं? भारतीय समाज में उपनिवेशवाद में हुये संरचनात्मक परिवर्तनों की विवेचना कीजिए।

29. संस्कृतीकरण से आप क्या समझते हैं? संस्कृतीकरण की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

राजनीतिक दल किसे कहते हैं? राजनीतिक दलों के प्रमुख कार्य क्या हैं?